आकाशवाणी शिमला
09.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

हर घर तिरंगा

देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से आरम्भ हुआ जो 15 अगस्त तक चलेगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया है कि अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाईक रैली निकालेंगे। उन्हों्ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में वर्ष 2022 में शुरू किया गया था।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला और आस–पास के ग्रामीण क्षेत्र में एक सौ 87 हैक्टेयर जमीन पर 81 हजार 8 सौ पौधे रोपित किए जाएंगे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्थानीय लोगों विशेषकर पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और महिला व युवकमंडल के सदस्यों का सहयोग लिया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शामलाघाट में वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर बेहड़ा का पौधा भी रोपित किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर स्वाबलम्बन योजना को बंद करने और स्टार्ट–अप योजना के बारे में भ्रामक बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार ने न केवल भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को आगे बढ़ाया है बल्कि कई नवीनयोजनाएं भी शुरू की है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसके लिए युवाओं को प्रोत्साहन, रियायतें और सब्सिडी दी जा रही है।

खोज अभियान

शिमला, मंडी और कुल्लू ज़िला में 31 जुलाई की रात को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में लापता लोगों की तलाश के लिए राहत व बचाच अभियान लगातार जारी है। इस अभियान में आज 5 और शव मिले हैं। इनमें से चार शव आज सुन्नी डैम के नजदीक डोगरी नामक स्थान पर मिले। इनमें दो महिला और दो शव पुरूष के हैं। रामपुर के नोगली में भी बचाव अभियान में लगे लोगों को एक महिला का शव मिला है। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। नोगली में मिले शव की पहचान कल्पना कुमारी के रूप में हुई है जबकि शेष चार शवों को अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस त्रासदी में लापदा लोगों में से अभी तक 27 के शव बरामद किए गए हैं जबकि लगभग 27 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें से 15 शव शिमला जिला में जबकि मंडी में 9 और कुल्लू में तीन शव बरामद किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो रही है जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान जोगिंद्र नगर में सर्वाधिक एक सौ 60 मिलीमीटर, धर्मशाला और कटौला में एक सौ 12, भराड़ी में 98, कंडाघाट में 80, पालमपुर में 78, पंडोह में 76 और कुफरी में 71 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। आज सुबह से ही राज्य के अधिकांश स्थानों पर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के पांच ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज ऊना, कांगड़ा और सिरमौर जबकि 10 अगस्त को ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अन्य ज़िलों में 11 अगस्त तक भारी वर्षा का यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने आज से कल सुबह साढ़े 11 बजे तक प्रदेश के 6 ज़िलों चंबा,

कांगड़ा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और शिमला में कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आने का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के स्थानीय निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार राज्य में आज से मॉनसून की वर्षा में तेजी आएगी जो अगले दो दिनों तक जारी रहेगी।

भूकम्प

बीती रात मंडी ज़िला में भूकम्प के झटके महसूस किए गए। ये भूकम्प रात 9 बजकर 53 मिनट पर आया जिसकी रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3 दशमलव तीन मापी गई। भूकम्प का केंद्र मंडी में ही जमीन के 3 दशमलव तीन किलोमीटर भीतर था। भूकम्प से किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके आते ही मंडी में बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल आए।

विश्व हिन्दू परिषद

विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केशव वर्मा ने हालही में बंग्लादेश में घटित घटनाओं की निन्दा की है और इसे समाज के लिए घातक करार दिया है। केशव वर्मा ने चंबा में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में परिषद के कार्यों में तेजी लाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सेवा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे समाज को संगठित किया जा सकता है और विश्व हिन्दू परिषद इस कार्य में 1964 से जुड़ी हुई है।

———————————